आंतक | खुलेआम संचालित आहतों के साथ ग्रामीण की पीटाई के बाद अब घरों में घुसकर महिलाओं से कर रहे मारपीट

शराब ठेकेदार के गुर्गों का बढ़ते जा रहा आंतक, जिम्मेदार मौन

नवभारत न्यूज

पांढुरना, 2 जून. प्रदेश शासन द्वारा आहते बंद कराने के स त निर्देशों के बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगांठ नीति के चलते नगर के शराब दुकानों के आजू बाजू खुलेआम अहातों के साथ ही नगर के अधिकांश होटलो, ढाबों पर अल सुबह से लेकर देर रात तक खुलेआम शराब पिलाई जा रहीं है।

वहीं ग्रामीण की पिटाई के बाद अब यह शराब ठेकेदार के गुर्ग रिहायशी क्षेत्र में रहने वालों में घरों में घुसकर महिलाओं को धमकाते हुए इनके साथ मारपीट भी कर रहे है,शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं होने से जहां एक और इन शराब ठेकेदार के गुर्गो का आतंक बढाता जा रहा है,वहीं क्षेत्रवासी इनके आतंक से भयभीत हो रहे है।

नगर के मेघनाथ वार्ड में रहने वाली श्रीमती समीक्षा पति गुडडु तेजी द्वारा जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक को हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि आए दिन शराब ठेकेदार के आदमी इनके घर में घूस आते है और घर में शराब होने की बात कहते हुए पूरे घर की छानबीन करते हुए पूरा सामान इधर उधर बिखरा देते है। शिकायत पत्र में उक्त महिला द्वारा बताया कि हमेशा की तरह बीते 30 जून को भी शराब ठेकेदार के आदमी जिसमें सनी उपाध्याय, नागेश, अन्य लोग जिनके नाम नहीं मालूम घर में घुस गए, और घर में शराब होने की तलाशी लेते रहे, हमेशा की तरह इस दिन भी इन्हें कहीं भी शराब नहीं मिली बार-बार आकर परेशान करने की बात कहने पर इस शराब ठेकेदार के आदमियों द्वारा इस महिला के साथ धक्का मुक्की करते हुए शराब के केस में झूठा प्रकरण बनाकर तीन चार महिने के लिए जेल में भेज देने की धमकी भी देते रहे ।

शराब ठेकेदार के आदमियों के इस तरह धक्का-मुक्की करने के साथ ही शराब के झूठे प्रकरण में फसाकर जेल भेजने की धमकी देने से महिला तथा इसके परिजन बहुत अधिक सहमें हुए है,किसी तरह हिम्मद जूटाते हुए महिला अपने परिजनों तथा पडोसियों के साथ जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचकर शिकायत तो दर्ज कराई है,लेकिन इसक बावजूद आज तक कोई भी ठोस कार्यवाहीं नहीं होने से इनके परिजन शराब ठेकेदार के आदमियों के आंतक से भयभीत है ।

समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

पांढुरना,2जुलाई, नव भारत न्यूज. प्रति मंगलवार की तरह आज भी नगर के एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजन किया गया। जनसुनवाई मे कलेक्टर महोदय, एंव जिले के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई के दौरान कुल 10 आवेदन पत्र आवेदको से प्राप्त हुये। जिसके मुख्य रूप से मुख्य सडक पर अतिक्रमण कारियो पर कार्यवाही, अनावेदकगणों द्वारा जबरन रोस्ते का निर्माण एंव फल तोडने बाबद, अनावेदक द्वारा आवेदक की कृषि भूमि पर अतिक्रमण करने बावद. आवेदक की भूमि पर अनावेदक द्वारा निस्तार की जगह पर निर्माण करने बाबद, सीमाकंन नही किये जाने बाबद. प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि मिलने बाबद, आवागमन रास्ता को रोके जाने वाबद, ग्राम पंचायत नांदनवाडी में कॉमन सर्विस सेन्टर की अनुमति बाबद एंव अनुकंम्पा नियुक्ति के सबंध में आवेदको से आवेदन पत्र प्राप्त। सरपंच ग्राम पंचायत लेण्डोरी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने एंव रोड के किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने के सबंध मे आवेदन निवेदन किया, आवेदिका ललिता पति भारत खंडाते द्वारा आवागमन रास्ते पर अनावेदगणो द्वारा जबरन रास्ते पत्र निर्माण किये जाने के सबंध में निवेदन किया गया, वामन पिता विन्ध्या सहारे स्वामित्व की भूमि पर किये गये अतिक्रमण करने के सबंध में आवेदन पत्र पेश, शरद पिता भरत चौधरी आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया की आवेदक की भूमि पर निस्तार का पानी छोडे जाने के सबंध में आवेदन पत्र पेष किया गया। आवेदिका दारा बैशाली पिता प्रभाकर सोमकुवर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सीमाकंन नही किये जाने के सबंध में निवेदन किया निवासी अजय उइके द्वारा ग्राम पंचायत नांदनवाडी मे कॉमन सर्विस सेन्टर की अनुमति के सबंध में आवेदन पत्र पेश किया गया जिसके निराकरण एंव कार्यवाही हेतु सबधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।

शिक्षक संघ के तत्वाधान में सत्कार समारोह का आयोजन

नवभारत न्यूज

सौंसर 2 जूलाई. मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील, विकासखंड, नगर इकाई सौसर के तत्वाधान में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (सहायक संचालक) मदनलाल गोरले तथा नंदकुमार शुक्ला सह संगठन मंत्री मध्य प्रदेश शिक्षक संघ प्रांत महाकौशल का सत्कार सम्मान समारोह जयसवाल लान वार्ड क्रमांक 13 सौंसर में आयोजित हुआ.

शिक्षक संघ से राजेंद्र सरवरे कोषाध्यक्ष संभाग जबलपुर, जिला अध्यक्ष शशि कुमार तिवारी, जिला अध्यक्ष शंकर लाल जुमडे, सचिव अमोल बोबडे, संजय नागदवने,विकास डबली,ब्लॉक अध्यक्ष अशोक वडस्कार, तहसील अध्यक्ष किशोर चौधरी, नगर अध्यक्ष जयसिंह धुर्वे तथा आमंत्रित अतिथियों में प्राचार्य शैलजा बत्रा, शीला डोंगरे, पूर्व बीआरसी भास्कर गावंडे, वर्तमान बीआरसी चैनसा यादव, प्रवीण नांदेकर ,राजकुमार भुमर,अशोक लिखारे की उपस्थिति में शाल श्रीफल, एवं मोमेंटम से स मानित किया. सभी को अपने कर्तव्य का पालन करते हुए कार्य करने की बात कही, साथ ही संगठन के संगठन मंत्री शुक्ला द्वारा संगठन के पदाधिकारी को राष्ट्रीय हित में कार्य करने की बात कही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, शशि तिवारी ने संगठन के उद्देश्यों से अवगत कराया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप गोहत्रे ने किया. इस अवसर पर रेखा गजभिए सचिव, किशोर बोलधने कोषाध्यक्ष ,पुंडलिक भुते, रमेश सिंह सेंगर,महेंद्र सिंह खेरडे, रत्नाकर बुले,बाजिराव धुर्वे, तुलसीराम ठाकुर, सूर्यभान ढेपे, लक्ष्मी दास बोरकर ,चंद्र प्रकाश रंगारे,भीमरावसोमकुवर,देवीलाल बेंडे,रवि शंकर पाटील,रामा धुर्वे, वासुदेव सहारे ,उषा सहारे राजेश भोजने, चंद्रशेखर सालबरडे, गणेश उइके उपस्थित रहे.

एक नजर में

दोपहिया वाहनों में हुई भिंड़त में दो युवक घायल,एक नागपुर रेफर

पांढुरना. ग्राम टेमनीकला के पास विपरीत दिशा से आ रहे दो दोपहिया वाहनों में हुई जोरदार भिंड़त में दोनों युवक घायल हो गए,जिसमें से एक ही हालत अधिक गंभीर होने से इसे प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया है। नांदनवाडी पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार दोपहर को क्षेत्र के ग्राम टेमनी कला के पास दो विपरीत दिशा से आ रहे दो दोपहिया वाहनों में जोरदार भिड़ंत हुई,जिसमें दयाल ढोंढ़ी तथा आशीष हुनंकर घायल हो गए,जिन्हें जन सहयोग से नगर मु यालय के स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां दया ढोंडी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया है,वहीं अशिष को नगर के चिकित्सालय में ही भर्ती कर उपचार किया जा रहा है,पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में रख जांच की जा रहीं है।

पशु चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

सौंसर. पशुचिकित्सा विभाग से कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र सौसर में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मदनलाल पराडकर को सेवानिवृत्ती पर दी विदाई.समारोह में पशु पालन एवं डेयरी विभाग छिन्दवाड़ा के संचालक डा. एस.जी. एस. पक्षबार की मुख्य उपस्थिति में संचालित हुआ.पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल शंकर धुर्वे , डा. बबीता उइके एवं समस्त स्टाप द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित कर इनका जन्म दिवस मनाया गया एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. इस अवसर पर तृतिय एव चतुर्थश्रेणी संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार बंसोड एवं जिलाउपाध्यक्ष अनिश भारती, सहा पशु चिकित्सा क्षेत्र संघ के अध्यक्ष रविन्द्र धुर्वे एवं समस्त स्टाप उपस्थित रहा.

डॉ श्रीकांत शर्मा बने नये बीईओ

सौसर. सौसर शिक्षा विभाग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल गोरले

की सेवानिवृती के पश्चात नये विकास खण्ड शिक्षाधिकारी के रूप मे शासकीय हाईस्कूल भुम्मा में पदस्थ प्राचार्य डॉ श्रीकांत शर्मा को प्रभारी बीईओ बनाया गया. जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा के आदेश पर डॉ शर्मा ने आज विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय सौसर मे पदभार ग्रहण किया .इस इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चैंनसा यादव पूर्व बीआरसी शशिकुमार वाहने एवं लहू सरोदे , शिक्षक राजेंद्र सरवरे मारुति ठाकरे आदि उपस्थित थे उन्होंने श्री शर्मा को शुभकामनाएं प्रदान की.डॉ.शर्मा ने पदभार ग्रहण करते हुए सौसर शिक्षा विभाग को और चुस्त दुरुस्त कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को प्रदान करने एंव शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए सभी से सहयोग मांगा.

25 वर्षों से राम शांति विद्या मंदिर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर

पांढुरना. नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राम शांति विद्या मंदिर का आज 25वां स्थापना दिवस मनाया गया। आज का दिन चिंतन, उत्सव और भविष्य की प्रत्याशा का दिन है। राम शांति विद्या मंदिर की स्थापना वर्ष 2000 में रामजीदास बुधराजा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा की गई थी। सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दृष्टिकोण के साथ 24 साल पहले आज ही के दिन इसकी नींव रखी थी। इन वर्षों में हम विकसित और अनुकूलित हुए हैं लेकिन हमारे मूल उद्देश्य स्थिर बने हुए हैं। इस संस्था ने अनेक उपलब्धियों को प्राप्त किया । विद्यालय ने ऐसे उत्कृष्ट छात्र तैयार किए हैं जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विद्यालय अपने उन संस्थापकों और अग्रदूतों को सम्मान देने और याद करने के लिए आज खड़ा हैं। जिन्होंने दूरदर्शिता और समर्पण के साथ विद्यालय की नींव रखी। उनकी दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत ने इस विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मंच दिया है। छात्रों ने शैक्षणिक, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करना जारी रखा हैं। विद्यालय की उपलब्धियों की सूची बहुत लंबी है। शाला चेयरमैन सुभाष बुधराजा द्वारा सपरिवार उपस्थित रहकर 25वर्षों की उपलब्धियों के सफर पर प्रकाश डाला गया। शाला चेयरपर्सन श्रीमती सरोज बुधराजा द्वारा 25 वर्षों की स्मृतियों को ताजा किया। डायरेक्टर शिवम बुधराजा द्वारा आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करते हुए संस्था से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी द्वारा स्कूल के प्रति अपने अगाध समर्पण को दर्शाते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए। मैनेजर रोहित धवले, को-ऑर्डिनेटर्स एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित सांसद के हस्ते ग्राम तिगांव में भी श्री संत संताजी की प्रतिमा की जायेंगी स्थापना

तेली समाज संगठन ने सांसद से भेजा निवेदन पत्र

नवभारत न्यूज

तिगांव, 2 जुलाई. ग्राम तिगांव के तेली समाज संगठन द्वारा सांस्कृतिक भवन में श्री संत संताजी जगनाडे महाराजी की प्रतिमा नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते स्थापना करने का बीत दिवस संपन्न हुई समाज के महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया गया,संगठन द्वारा इस कार्य हेतु सांसद को आमंत्रित किया गया है।

तेली समाज संगठन के अध्यक्ष सुनिल वानोड़े की अध्यक्षता में बीते दिवस संपन्न हुई बैठक में ग्राम के सांस्कृतिक भवन में श्री संत संताजी जगनाडे महाराज की प्रतिमा नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते स्थापना करने का सर्वस मति से निर्णय लेने के बाद समाज संगठन द्वारा सांसद विवेक बंटी साहू को निवेदन पत्र प्रेषित कर इस शुभ कार्य हेतु समय देकर उपस्थित होने की अपील की है। उल्लेखनीय हो कि पांढुरना नगर मु यालय में भी सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते नगर के बाहुल्य तेली समाज संगठन द्वारा श्री संत संताजी जगनाड़े महाराज की प्रतिमा स्थापना करना प्रस्तावीत है।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत क्षेत्र में लगाए जायेंगे डेढ़ लाख पौधे

जिला कलेक्टर द्वारा पौधे लगाते हुए किया अभियान का शुभारंभ

एसडीएम,तहसीलदार,सी ईओ द्वारा भी लगाए पौधे

नवभारत न्यूज

पांढुरना,2 जून.प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 1 से 15 जुलाई तक चलते जाने एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश के तहत् पांढुरना में भी अधिकारी,कर्मचारी,जनप्रतिनिधियों तथा आम लोगों द्वारा पौधे लगाए जा रहे है.

आज जिला कलेक्टर द्वारा पौधा लगाते हुए इस अभियान का शुभारंभ किया, इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ आदि ने भी पौधे लगाएँ।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप पूरे प्रदेश को हरा-भरा बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के चलते एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1 जुलाई से 15 जुलाई तक पौधे लगाये जायेंगे । इसी अभियान के तहत पांढुरना क्षेत्र में जनपद पंचायत द्वारा डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में नगरीय सीमा से लगे ग्राम पंचायत लिंगा के लव्हाना में अमृत सरोवर के आसपास 1500 पौधे लगाएँ जाना है,मंगलवार को यहां जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा पौधे लगाते हुए अभियान का शुभारंभ किया इस अवसर पर एसडीएम सुश्री सोनी,तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर,जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी ललित चौधरी आदि अधिकारी, कर्मचारियों तथा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी ललित कुमार चौधरी द्वारा क्षेत्र के सभी 72 ग्राम पंचायतों के सचिवों को अपने- अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही इसकी सुरक्षा करने के भी निर्देश दिए है ।

उल्लास नवभारत अभियान के तहत असाक्षरों को बनाया जायेगा साक्षर

पांढुरना, 2 जुलाई,नवभारत न्यूज. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर करने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ऐसे लोगों को चिन्हित कर इन्हें शिक्षित करने हेतु मंगलवार को क्षेत्र के संकुल प्राचार्य,सह-समन्वयक एवं जनशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिखा नीति 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ऐसे असाक्षरों का सर्वे कर उन्हें चिंहाकिंत कर सामाजिक चेतना केंद्रों का संचालन एवं निल्प एप्प पर इनका पंजीयन,अक्षर साथी के द्वारा किए जाने को लेकर मंगलवार को पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के जनपद शिक्षा केंद्र में समन्वयक गंगाधर तांडेकर द्वारा संकुल प्राचार्यो,संकुल सह-समन्वयक एवं जनशिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

अध्यापक संवर्ग ने स्वप्रेरणा से किया वृक्षारोपण

ग्राम गोरलीखापा से सिराठा मार्ग पर शिक्षको ने लगाए पौधे

नवभारत न्यूज

पांढुरना, 2 जुलाई. शिक्षक सवर्ग के आव्हान पर ग्राम चिच खेड़ा से सावजपानी वाले मुख्य मार्ग पर प्रति रविवार या अवकाश के दिन पूरे वर्षा कल के दौरान पोधे लगाए जायगे ।

इस अभियान के दौरान पहले दिन बीते दिवस रविवार को नामदेवराव नांदेकर भूतपूर्व सहकारी बैंक प्रबंधक, राजकुमार ईवनाती जी पूर्व सीएमओ लगाए पांढुरना, प्रशांत आगलावे जी पूर्व बीईओ पांढुरना एवं प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराठा, अरुण धुर्वे पूर्व सरपंच, विजय राऊत (उप सरपंच) अध्यापक शिक्षक संवर्ग से मात्र शक्ति श्रीमती रीता मल्होत्रा, श्रीमती नंदिता धुर्वे, श्रीमती सुजाता पाटिल, रमेश पाटिल (NMOPS प्रांतीय सचिव) के मार्गदर्शन में एवं

रामचंद्र उइके, दशरथ पठाडे, संजय आरघोडे, राजेन्द्र भुजाडे, दिलीप आहके, राजेश उकरडे और उमेश बिंझाडे के साथ ग्रामवासी इन सभी के सहयोग से 270 पेड़ नीम बेल, करंजी, गुलमोहर सीताफल और अन्य पौधें लगाए गए.

पेड़ों के अलावा सड़क के किनारे बीजों का भी किया गया रोपण

उपर्युक्त सभी लोगों के भरपूर सहयोग से एवं मातृ शक्तियों के हौसलों से वृक्षारोपण का यह पावन कार्य माता मंदिर में पूजन के पश्चात संपन्न हुआ। शिक्षक संवर्ग के द्वारा ग्राम चीचखेड़ा से सावजपानी तक (छिंदवाड़ा मार्ग) वृक्षारोपण प्रत्येक रविवार या अवकाश के दिन किया जाएगा। वृक्षारोपण का अभियान सम्पूर्ण वर्षाकाल में अनवरत जारी रहेगा। शिक्षक परिवार का उद्देश्य है कि प्रकृति के हित के लिए एवं मानव कल्याण के लिए वृक्षारोपण अधिक से अधिक किया जाना है साथ ही सड़क मार्ग पर छाया के उद्देश्य से भी यह कार्य किया जा रहा है ।

वनविभाग के सहयोग से एनसीसी कैड्टस ने लगाए पौधे

पौधे लगाने के साथ ही इनके संरक्षण का भी लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

पांढुरना, 2 जून.पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने के उद्देश्य से पांढुरना वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभुराम मुछाला के नेतृत्व में नगर के कला एवं वार्णिय महाविद्यालय तथा नगर पालिका स्कूल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा ग्राम मांडवी में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने के शासन के निर्देशों के परिपालन में पांढुरना वनपरिक्षेत्र अधिकारी प्रभु राम मुछाला के नेतृत्व में बीते दिवस नगर के कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा नगर पालिका स्कूल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा नगरीय सीमा से लगे तीगांव बीट के मांडवी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस दौरान छात्रों को वनपरिक्षेत्र अधिकारी द्वारा पौधों के साथ ही वन प्राणियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इस दौरान छात्रों द्वारा जिज्ञासावश पुछे गए प्रश्नों का भी सह विस्तार जवाब देते हुए इनकी जिज्ञासाओं को शांत किया । पूरा दिन इन छात्रों ने प्रकृति के बीच समय व्यतीत किया तथा हमेशा अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही उनका संरक्षण करने का भी संकल्प लिया । इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभु राम मुछाला, सीटीवो शैलेश झलके, रामलाल डेहरिया, अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

In The Court Of Additionl Judge to the Additionl Districtand Session Judge,District Court, Chhindwara
Presiding Officer: श्री विवेक कुमार सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 केंअंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000007/2024)
प्रशांत धोंडी.....वादी vs सर्वसाधारण ..... प्रतिवादी
TID 569/2024
Process ID-/2024
पेशी दिनांक.-25/07/2024

प्रेषिती
1. सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
यह की प्रार्थी प्रशांत धोंडी ने आपके विरूद्ध सर्वसाधारण/ जो कोई भी संबंधीत हो.... अनावेदक / उत्तरवादी को सूचना पत्र प्रचलित नवभारत समाचार पत्र छिन्दवाडा समाचार पत्र में इश्तेहार हेतु इश्तेहार जारी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये स मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे स यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करे. आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे. यह आज तारीख 26 जून 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.
न्यायालय की मुद्रा
विवेक कुमार सिंह
जिला न्यायाधीश सौंसर

ज्ञापन | दूषित पानी को लेकर बिते दिवस सौंसर एसडीएम को दो बार सौंपा था ज्ञापन

कंपनी के दूषित पानी से किसानों को हो रही परेशानी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सौंसर 2 जूलाई. औधोगिक क्षेत्र मे स्थित एव्हीजे एग्रो प्रा.लि. कंपनी द्वारा छोडा जा रहा दुषित पानी किसानो के लिए परेशान कर रहा है, आज इस समस्या को लेकर पांढूर्णा कलेक्टर को ज्ञापण सौपकर कार्यवाही की किसानो ने मांग की है.

ज्ञापन के माध्यम से किसानो ने बताया कि, कंपनी द्वारा छोड जा रहे दूषित पानी को लेकर बिते दिवस सौंसर एसडीएम को दो बार ज्ञापण सौपा था. समस्या को लेकर कोई समाधान नही हुआ. इसके अलावा सीएम हेल्पलाईन करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई है. कंपनी से निकलने वाले दुषित पानी किसानो के कुओ मे सिपेज हो रहा है. जिसके कारण अब कुओ का पानी किसी काम का नही है. कुओ के पानी से पशुओ की मौत हो गई है. प्रदुषण विभाग के कर्मचारी को एन. कटारे दो बार निरिक्षण के लिये मौके पर आकर उनके द्वारा उलटा किसानों पर प्रेशर डालते हुये शिकायत वापस नहीं लेने पर झूठी एफआईआर दर्ज कर फसाने की बात कही जाती है और हमारा कोई निराकरण नहीं किया एवं कंपनी के पक्ष में निर्णय लिया, जो हमारे साथ छल हुआ है. किसानो ने कलेक्टर से दुषित पानी के निकासी की समय रहते कोई उचित व्यवस्था नहीं बनाई जाती है. तो हमे आर्थिक अपुर्ण क्षति होगी एवं इस पानी से हमारे भूमि में काम करने आये मजदुरगण भी दुषित पानी पिने से उनके स्वास्थ पर भी विपरीत प्रभाव पड रहा है.किसानो ने

कंपनी से निकलने वाले दुषित पानी की उचित निकासी व्यवस्था के निर्देश कपंनी को दी जाये. ज्ञापण देते समय वासदेव पाटील, प्रकाश गंगारे, सचिन भूते, सुरज क्षीरसागर, शेषराव पाटील, रंजित कुरेकार, वसंता गंगारे, किसना पाटील, सुभाष जिचकार आदी उपस्थित थे.